शादी में हुक्का परोसे जाने पर हरभजन के खिलाफ शिकायत दर्ज

कुछ दिनों पहले शादी के बंधन में बंधने वाले क्रिकेटर हरभजन सिंह अब फंसते नजर आ रहे हैं। शादी में हुक्का परोसे जाने पर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। बताते चलें कि रविवार को ही हरभजन ने अपनी शादी का रिसेप्शन पूरा किया।

Harbhajan Singh Birthday : बर्थडे ब्वॉय हरभजन सिंह के ये सुपर 5 क्रिकेट रिकॉर्ड यंग क्रिकेटर में भर देते हैं जोश
यह भी पढ़ें

सेहत विभाग ने डाला शिंकजा

क्रिकेटर हरभजन सिंह भज्जी अपनी शादी में लेडीज संगीत व रिंग सेरेमनी में हुक्का परोस कर फंस गए हैं। सेहत विभाग ने भज्जी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हरभजन सिंह, क्लब कबाना प्रबंधन व हुक्के की सेवाएं मुहैया करवाने वाले दिल्ली के मायकोश हुक्का बार पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है। सेहत विभाग के तंबाकू कंट्रोल सेल ने कपूरथला के डिप्टी कमिश्नर व सिविल सर्जन को शिकायत भेज दी है।

फूड सेफ्टी का उल्लंघन

तंबाकू कंट्रोल सेल के स्टेट नोडल अफसर डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि 27 अक्टूबर को फगवाड़ा के क्लब कबाना में हरभजन सिंह की रिंग सेरेमनी व लेडीज संगीत में मेहमानों को हुक्का परोसकर तंबाकू कंट्रोल एक्ट व फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड एक्ट का उल्लंघन किया गया। राज्य सरकार ने पंजाब को स्मोक फ्री घोषित कर रखा है। विभाग को उक्त समारोह में हुक्का परोसने की तस्वीरें मिली हैं और उसी के आधार पर विभाग ने कपूरथला के डिप्टी कमिश्नर व सिविल सर्जन को शिकायत भेज दी है। विभाग ने जांच पड़ताल व उसके आधार पर कार्रवाई करने की मांग की है।

वीडियो क्िलिपिंग में है सबूत

यह मामला फूड सेफ्टी कमिश्नर हुस्न लाल के समक्ष भी रखा जाएगा। सिविल सर्जन कपूरथला डॉ. वरिंदरा सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से शिकायत मिली है। अगर उन्हें वीडियो क्लिपिंग मिल जाती है तो कार्रवाई के लिए उन्हें पर्याप्त सबूत मिल जाएगा। कपूरथला के जिला सेहत अधिकारी डॉ. बलविंदर सिंह का कहना है कि वह शादी के दिन वहां गए थे, परंतु मौके पर उन्हें कोई भी हुक्का नहीं मिला। कुछ फोटोग्राफ मिले हैं, वह विभाग को रिपोर्ट भेजेंगे और उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हरभजन सिंह का बड़ा ऐलान, किसानों की बेटियों के लिए करेंगे राज्यसभा सैलरी का दान
यह भी पढ़ें

inextlive from **Cricket News** Desk

Cricket News **inextlive** from **Cricket News** Desk

ताजा खबरें

- Aaj Ka Panchang 6 August 2023: पढ़ें रविवार का संपूर्ण पंचांग, शुभ मुहूर्त व दिशाशूल और दिन को बनाएं बेहतर
- Saptahik Rashifal 6 Aug to 12 Aug: सिंह राशि वालों के लिए सप्ताह अनुकूल है, कई बड़े काम पटरी पर आ सकते हैं, पढ़ें सम्पूर्ण राशिफल
- Happy Friendship Day 2023 Wishes, Images, Status: सभी दोस्तों संग शेयर करें मित्रता दिवस की शुभकामनाएं, इन खूबसूरत मैसेज और कोट्स के साथ

 # Harbhajan Singh **# Harbhajan Singh Wedding** **# Harbhajan Complaint Lodged** **# Harbhajan Singh Tobacco** **# Tobacco H**

ज्यादा

PUJA PAATH

Aaj Ka Panchang 6 August 2023: पढ़ें रविवार का संपूर्ण पंचांग, शुभ मुहूर्त व दिशाशूल और दिन को बनाएं बेहतर

HOROSCOPE

Saptahik Rashifal 6 Aug to 12 Aug: सिंह राशि वालों के लिए सप्ताह अनुकूल है, कई बड़े काम पटरी पर आ सकते हैं, पढ़ें सम्पूर्ण राशिफल

LIFESTYLE

Happy Friendship Day 2023 Wishes, Images, Status: सभी दोस्तों संग शेयर करें मित्रता दिवस की शुभकामनाएं, इन खूबसूरत मैसेज और कोट्स के साथ

BOLLYWOOD MASALA

Happy Birthday Kajol: इस तरह सालों बाद गोरी हो गई काजोल, सीक्रेट किया रिवील

BOLLYWOOD MASALA

Friendship Day Special: बॉलीवुड के ये स्टार किड्स सच में हैं बेस्ट फ्रेंड्स, देखें जरा

लेटेस्ट

NATIONAL

Friendship of Star Kids: बॉलीवुड के ये स्टार किड्स सच में हैं बेस्ट फ्रेंड्स, देखें जरा

NATIONAL

Viral Video: कोबरा सांप फन फैलाए बैठा था और सामने खड़ी थी गाय, फिर जो हुआ उसे बयां करना मुश्किल है

NATIONAL

देशभर में Genelia D'Souza के पति के नाम से जाने जाते हैं Riteish Deshmukh, जानें ऐसा क्यों

Copyright © 2023. All Rights
Reserved

This website follows the DNPA's code of conduct

For any feedback or complaint, email to: compliant_gro@jagrannewmedia.com